आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने समग्र विकास पर बल देते हुए शिक्षा के महत्व का उल्लेख किया। आज जारी एक वीडियो में प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता पर काबू पाने के उपायों के बारे में विद्यार्थियों से बात की।

*बैट्समैन उस प्रेशर की परवाह नहीं करता। येस सर। उसका पूरा ध्यान उस बॉल पर होता है। अगर आप भी इस प्रेशर को मन में न लेते हुए, अपना ध्यान, आज मैंने इतना पढ़ना तय किया था, ये अगर कर लेते हैं, आप आराम से उस प्रेशर में से भी अपने आपको निकाल सकते हैं।*

प्रधानमंत्री मोदी ने पोषण और आरोग्य के महत्व का भी उल्लेख किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाज और सब्जियां खाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नींद पोषण पर निर्भर है।

*पोषण में शरीर की वेलनेस के लिए, फिटनेस के लिए, नींद का बहुत महत्व है और इन दिनों तो पूरा मेडिकल साइंस इस बात पर केन्द्रित हो रहा है कि जो पेशेंट आता है, उसकी नींद कैसी है, कितने घंटे सोता है, ये सारे सवालों का बहुत गहराई से अध्ययन करना।*

प्रधानमंत्री ने छात्रों को परीक्षा के दबाव से तनाव मुक्त होकर तैयारी करने और खुद को चुनौती देते रहने की सलाह दी।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में जनता के फैसले का स्वागत किया है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इन चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इसका संज्ञान लेगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

बिहारी लाल

प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025–26 के बजट में समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा है। शिमला से जारी एक बयान

में उन्होंने बताया कि भाजपा आने वाले दिनों में प्रदेश में ज़िला व मंडल स्तर पर केन्द्रीय बजट का प्रचार–प्रसार करेगी। बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय नेता व सांसद संसदीय स्तर पर विभिन्न समारोहों में भाग लेंगे और केन्द्रीय बजट के संबंध में प्रैस वार्ताओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि बजट में देश की आर्थिक गति को बढ़ाने के लिए चार प्रमुख स्तम्भों की पहचान की गई है, जिनमें कृषि, एस.एस.एसम.ई, निवेश व निर्यात और ये क्षेत्र लक्षित सुधारों व रणनीतिक सरकारी हस्तक्षेपों से प्रेरित होकर विकास इंजन के शक्तिशाली रूप में कार्य करेंगे।

## विकास कार्यक्रम

प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के तहत आकांक्षी ज़िला चंबा के अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित किया जाएगा। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार को 16 प्रोजैक्ट मंजूरी के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें पांगी, सलूणी, तीसा और चंबा में अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में विकास कार्य करवाए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम के तहत स्कूल भवन, छात्रावास का निर्माण, कौशल विकास, कम्प्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, जलापूर्ति व सीवरेज योजना और खेल मैदान बनाने के लिए केन्द्र सरकार की तरफ से अनुदान राशि उपलब्ध करवाई जाती है।

## गोमा

आयुष व खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने आज राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय व अस्पताल पपरोला की रोगी कल्याण समिति की गवर्निंग बॉडी की बैठक की अध्यक्षता की। इससे पहले आयुष मंत्री ने अस्पताल परिसर में 20 लाख से निर्मित पंचकर्म वैलनेस सेंटर, अस्पताल के लिये पी एस ए ऑक्सीजन प्लांट और होमियोपैथी ओपीडी का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपचाराधीन लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए सरकार और आयुष विभाग वचनबद्ध है। यादविंदर गोमा ने कहा कि रोगी कल्याण समिति के माध्यम से जो भी सुझाव दिए जा रहे हैं, इन्हें लागू करने का प्रयास किया जायेगा।

नमस्कार।